एमडीआई गुड़गांव ने मनाया दीक्षांत समारोह 2024 माननीय मुख्य अतिथि एस.एन. सुब्रमण्यनन ने छात्रों को किया सम्बोधित

देव केसरी / अरविन्द चन्दन

गुरुग्राम / भारत, मार्च, 2024 मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने 2024 में ग्रेजुएशन करने वाली क्लास के लिए गर्व के साथ दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। 23 मार्च 2024 में आयोजित इस समारोह में मेहमानों, फैकल्टी, छात्रों और परिवारों ने हिस्सा लिया और ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित किया। श्री एस.एन. सुब्रमण्यन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, लार्सन एण्ड टुब्रो लिमिटेड इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दर्शकों और उपस्थितगणों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने गहरी छाप छोड़ी। दीक्षांत समारोह की शुरूआत श्री एस.एन. सुब्रमण्यन के आगमन के साथ हुई, जिसके बाद

एमडीएआई गुड़गांव में लीडरशिप के साथ बैठक एवं लंच का आयोजन किया गया। दोपहर में ग्रुप फोटोग्राफ सैशन हुआ, जिसमें इस आयोजन के खास पलों को कैमरे में कैद किया गया। हॉल में प्रवेश के साथ औपचारिक शुरूआत हुई।

जिसके बाद एमडीआई गुड़गांव के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन ने शिक्षा की देवी सरस्वती के आशीर्वाद के आहवान के साथ दीक्षांत समारोह शुरू करने की घोषणा की। सबसे पहले सभी मेहमानों का स्वागत किया गया। एमडीआई गुड़गांव के डायरेक्टर अरविंद सहाय ने संस्थान की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा भविष्य के लिए इसका दृष्टिकोण साझा किया। एमडीआई गुड़गांव का दीक्षांत समारोह 2024 हमारे संस्थान के लिए गर्व और उपलब्धियों का समय है। हम ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों को अलविदा करते हुए कामना करते हैं कि अपने जीवन की आगामी यात्रा में वे विकास के पथ पर बढते रहें। उनकी उपलब्धियां हमारी फैकल्टी के समर्पण, हमारे स्टाफ के सहयोग तथा एमडीआई गुड़गांव के अनुकूल माहौल को दर्शाती हैं। हम एस. एन. सुब्रमण्यन के प्रति आभारी हैं जिन्होंने आज यहां आकर हमारे ग्रेजुएट्स को प्रेरित किया और अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। हमें विश्वास है कि हमारे कैम्पस से जाने के बाद भी ये छात्र आने वाले समय में उत्कृष्टता, अखंडता और लीडरशिप के मूल्यों को बनाए रखेंगे। 2024 की क्लास को बहुत बहुत बधाई, आप भविष्य में सफलता और ढेरों उपलब्धियां हासिल करें।÷ प्रोफेसर अरविंद सहाय, डायरेक्टर, एमडीआई गुड़गांव ने कहा।